# 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक के आंकड़ों के अपडेट की फ़ैक्ट शीट संयुक्त राज्य में बच्चे और हृदय संबंधी रोग

## आउट-ऑफ़-हॉस्पिटल कार्डियक अरेस्ट (OHCA)

- 2024 में, 1 से 18 वर्ष की आयु के 17.1% बच्चे जिन्हें OHCA के लिए आपातकालीन चिकित्सकीय सेवाएँ मिली थीं, वे अस्पताल तक पहुंच सके थे और उन्हें उपचार के बाद छुट्टी दी गई थी.
- ओरेगॉन के पोर्टलैंड में 2002 और 2015 के बीच, अचानक कार्डियक अरेस्ट के मामलों में, ≤18 वर्ष की आयु के लोगों में खेल के चलते अचानक से कार्डियक अरेस्ट का प्रतिशत 39% था.
- 2024 में, 1 वर्ष से कम आयु के 92.1% शिशुओं और 1 से 18 वर्ष की आयु के 81.1% बच्चों के लिए, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं से उपचार वाले OHCA की जगह घर थी.

## जन्मजात हृदय संबंधी दोष (ICD-10 कोड Q20-Q28)

- 2017 में, सभी वैश्विक क्षेत्रों में शिशु मृत्यु दर के मुख्य 8 कारणों में CCD भी शामिल थे. 2019 में, यह अनुमान लगाया गया था कि दुनिया भर में 13.3 मिलियन लोग जन्मजात हृदय संबंधी दोष (CCD) के साथ जी रहे थे.
- संयुक्त राज्य अमेरिका सहित अधिक आय वाले उत्तरी अमेरिकी देशों में, 1990 से 2017 डेटा के मुताबिक, CCD का जन्मजात प्रसार प्रति 1000 में 12.3 होने का अनुमान लगाया गया है.
- 1999 से लेकर 2017 तक, संयुक्त राज्य अमेरिका में CCD से संबंधित समग्र आयु से समायोजित मृत्यु दर के रुझान में गिरावट देखी गई थी जबकि 2017 और 2023 के बीच यह लगभग स्थिर रही; यह रुझान नस्ल, जातीयता और लिंग के आधार पर अलग-अलग था.

## बच्चों में स्ट्रोक (ICD-10 कोड I60-I69)

- बच्चों में स्ट्रोक के कारणों को 3 बड़े समूहों में विभाजित किया जा सकता है: (1) संरचनात्मक जेनेटिक प्रीडिस्पोजिशन (जन्मजात हृदय रोग, जेनेटिक आर्टेरियोपैथी, कोलेजन दोष), (2) हेमेटोलॉजिक जेनेटिक प्रीडिस्पोजिशन (वंशानुगत थ्रोम्बोफिलिया, सिकल सेल रोग) और (3) एक्वायर्ड एक्सपोजर (संक्रमण, ट्रॉमा, रेडिएशन, दवाएं).
- स्ट्रोक से पीड़ित ऐसे 355 बच्चे, जिनकी 2 वर्ष के मीडियन फ़ॉलो-अप के साथ मल्टीसेंटर ट्रायल में बाद में भी निगरानी की गई थी, उनमें स्ट्रोक दोबारा आने की संचयी दर 1 महीने में 6.8% और 1 वर्ष में 12% थी.

## उच्च रक्त चाप (ICD-10 कोड I10 से I15*)*

- टाइप 2 डायबिटीज़ से पीड़ित बच्चों (18 साल या उससे कम आयु के बच्चे) पर किए गए 60 अध्ययनों की सुनियोजित समीक्षा में, 3463 प्रतिभागियों में हाइपरटेंशन का प्रसार 25.3% था.
- SHIP AHOY के एक विश्लेषण में, जिसमें 11 से 19 साल के 397 किशोरों पर किए गए एक क्रॉस-सेक्शनल कोहोर्ट अध्ययन में, जागते समय एम्बुलेटरी BP का इस्तेमाल करके 95वें पर्सेंटाइल के अनुसार हाइपरटेंशन का प्रसार सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर के लिए क्रमशः 17% और 11% था. 2017 American College of Cardiology/American Heart Association के वयस्कों के लिए ≥130/80 mm Hg के थ्रेशहोल्ड का इस्तेमाल करने पर, SBP और DBP के लिए प्रसार क्रमशः 27% और 13% अधिक था.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए सभी आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

## तंबाखू और निकोटीन का उपयोग और एक्सपोजर

2024 में:

- बीते 30 दिनों में, हाई स्कूल के 10.1% छात्रों और मिडिल स्कूल के 5.4% छात्रों ने किसी तंबाकू उत्पाद का इस्तेमाल किया; बीते 30 दिनों में, हाई स्कूल के 1.7% छात्रों और मिडिल स्कूल के 1.1% छात्रों ने  सिगरेट पी.
- बीते 30 दिनों में, हाई स्कूल के 1.5% छात्रों और मिडिल स्कूल के 0.8% छात्रों ने धुंआ रहित तंबाकू का इस्तेमाल किया.
- बीते 30 दिनों में, हाई स्कूल के 1.5% छात्रों और मिडिल स्कूल के 0.8% छात्रों ने सिगार का इस्तेमाल किया.
- बीते 30 दिनों में हाई स्कूल के 7.8% छात्रों और मिडिल स्कूल के 3.5% छात्रों ने ई-सिगरेट का इस्तेमाल किया.
- 2024 में, NH श्वेत किशोरों (1.4%) और हिस्पैनिक युवाओं (1.6%) में NH बहुजातीय युवाओं (2.1%) की तुलना में बीते 30 दिनों में सिगरेट का इस्तेमाल करने की संभावना कम थी. 2024 में, सिगार के उपयोग के लिए, सबसे ज़्यादा मामले NH अश्वेत युवाओं में थे (2.2%), जबकि NH श्वेत (0.9%) और हिस्पैनिक (1.4%) युवाओं में यह कम था.

## उच्च रक्त कोलेस्ट्रॉल और अन्य लिपिड

- 2021 से 2023 डेटा के मुताबिक, 6 से 11 वर्ष की आयु के बच्चों में औसत कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर 158.3 mg/dL था; पुरुषों के लिए 159.2 mg/dL और महिलाओं के लिए 157.4 mg/dL.
- 2021 से 2023 डेटा के मुताबिक, 12 से 19 वर्ष की आयु के किशोरों में औसत कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर 154.8 mg/dL था; पुरुषों के लिए 151.9 mg/dL और महिलाओं के लिए 157.9 mg/dL.
- 2017 और 2020 के बीच 12 से 19 साल के युवाओं में, सबऑप्टिमल टोटल कोलेस्ट्रॉल का प्रसार 6.1% था और ऑप्टिमल लेवल का प्रसार 71.8% था.
- 2017 और 2020 के बीच 12 से 19 साल के युवाओं में, सबऑप्टिमल हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल का प्रसार 14.1% था और ऑप्टिमल लेवल का प्रसार 69.4% था.
- 2017 और 2020 के बीच 12 से 19 साल के युवाओं में, सबऑप्टिमल लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल का प्रसार 4.8% था और ऑप्टिमल लेवल का प्रसार 83.7% था.
- 2017 और 2020 के बीच 12 से 19 साल के युवाओं में, सबऑप्टिमल ट्राइग्लिसराइड लेवल का प्रसार 6.7% था और ऑप्टिमल लेवल का प्रसार 77.9% था.

## शारीरिक गतिविधि (PA)

- पैरेंटल रिपोर्ट का इस्तेमाल करके, 2022 और 2023 में 12 से 17 वर्ष की आयु के युवाओं (13.7%) की तुलना में 6 से 11 वर्ष की आयु (25.6%) के लिए, सप्ताह के हर दिन ≥60 मिनट सक्रिय रहने वाले युवाओं का प्रसार देशभर में अधिक था. 6 से 17 साल की आयु के युवाओं में, जो सप्ताह के हर दिन 60 मिनट तक सक्रिय रहते थे, उनका प्रतिशत NH श्वेत युवाओं में 22.3%, NH अश्वेत युवाओं में 18.1%, हिस्पैनिक युवाओं में 16.3% और NH एशियाई युवाओं में 13.1% था.
- 2021 से 2023 में, 12 से 17 साल के किशोरों में से 35.8% (लड़के, 44.4%; लड़कियां, 26.7%) ऐसे थे, जो सप्ताह के ज़्यादातर या हर दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते थे
- 2022 और 2023 में देशभर में, 6 से 11 वर्ष की आयु के 17.8% बच्चे और 12 से 17 वर्ष की आयु के 36.5% युवा औसतन स्कूल के दिन टेलीविज़न, कंप्यूटर, स्मार्टफ़ोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर प्रोग्राम देखने, गेम खेलने, इंटरनेट ऐक्सेस करने या सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने में ≥4 घंटे/दिन बिताते हैं, इसमें स्कूल का काम करने में बिताया गया समय शामिल नहीं किया गया है.


©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

## अधिक वज़न और मोटापा

- 2021 से 2023 तक के NHANES के डेटा के मुताबिक, 2 से 19 वर्ष की आयु के अमेरिकी बच्चों और किशोरों में, मोटापे का प्रसार कुल मिलाकर 21.1% था, यह लड़कों में 23.0% और लड़कियों में 19.1% था. उम्र के साथ मोटापे का प्रसार बढ़ता गया, 2 से 5 वर्ष की आयु के लिए 14.9%, 6 से 11 वर्ष की आयु के लिए 22.1% और 12 से 19 वर्ष की आयु के लिए 22.9%.
- 2021 से 2023 तक के NHANES के डेटा के मुताबिक, 2 से 19 वर्ष की आयु के अमेरिकी बच्चों और किशोरों में, गंभीर मोटापे का प्रसार कुल मिलाकर 7.0% था, यह लड़कों में 7.8% और लड़कियों में 6.3% था. उम्र के साथ गंभीर मोटापे का प्रसार बढ़ता गया; 2 से 5 वर्ष की आयु के लिए 3.4%, 6 से 11 वर्ष की आयु के लिए 6.5% और 12 से 19 वर्ष की आयु के लिए 8.9%.

## डायबिटीज़ (ICD-10 E10 से E14)

- 2023 में, 12 से 17 साल की आयु के लगभग 8.4 मिलियन किशोरों में प्रीडायबिटीज़ होने का अनुमान लगाया गया था, जो अमेरिकी किशोर आबादी का 32.7% है.
- 2021 में, 20 से कम उम्र के 352 000 बच्चों और किशोरों या 35 प्रति 10 000 अमेरिकी युवाओं में डायबिटीज़ होने का पता चला. इसमें टाइप 1 डायबिटीज़ वाले 304 000 शामिल हैं.

## स्वस्थ आहार

- 2013 से 2020 तक के डेटा का इस्तेमाल करके, लाइफ़ एसेंशियल 8 स्कोरिंग मेथोडोलॉजी (0-100 पॉइंट, ज़्यादा स्कोर का मतलब है बेहतर डाइट) के अनुसार, 2 से 19 साल के युवाओं के लिए औसत डाइट स्कोर 43.9 था. 2 से 19 साल की आयु के बच्चों के लिए स्कोर NH एशियन के लिए 50.3, मैक्सिकन अमेरिकन के लिए 48.9, NH श्वेत के लिए 44.1, और NH अश्वेत युवाओं के लिए 32.5 थे.
- 2015 से 2016 के डेटा के आधार पर, अमेरिकी बच्चों और किशोरों में कार्डियोमेटाबॉलिक हेल्थ से जुड़े चुनिंदा खाद्य पदार्थों और पोषक तत्वों के औसत आहार उपभोग की जानकारी नीचे दी गई है.
  - साबुत अनाज— उपभोग कम था; यह युवाओं में 0.95 सर्विंग प्रतिदिन था.
  - फल— उपभोग कम था (0.68 सर्विंग प्रति दिन) और इसमें उम्र के साथ कमी आई. बहुजातीय युवाओं सहित NH एशियाई युवा और अन्य जातियों में साबुत फल का सबसे अधिक सेवन देखा गया था, जिसके बाद NH श्वेत युवा, अन्य हिस्पैनिक युवा, मैक्सिकी अमेरिकी युवा और NH अश्वेत युवा आते हैं.
  - बिना स्टार्च वाली सब्जी—प्रति दिन 0.57 सर्विंग के अनुमानित औसत के साथ उपभोग कम था. उम्र के साथ उपभोग के तरीके में बढ़ोतरी आई.
  - फ़िश और शेलफ़िश—प्रति दिन 0.06 सर्विंग के अनुमानित औसत के साथ उपभोग कम था. उम्र के साथ उपभोग के तरीके में बढ़ोतरी आई.
  - चीनी की मिठास वाले पेय पदार्थ— प्रति दिन 1.0 सर्विंग का उपभोग था और उम्र के साथ उपभोग के तरीकों में बढ़ोतरी आई.
  - अमेरिकी युवाओं में मिठाई और बेकरी डेज़र्ट के उपभोग से उत्पन्न कैलोरी का औसत 6.07% देखा गया.
  - सोडियम— उपभोग 3.33 g/d था और उम्र के साथ उपभोग के तरीके में बढ़ोतरी आई.
  - संतृप्त वसा – अमेरिका युवा में उपभोग कैलोरी का 12.1% था.
  - मेवे और बीज— प्रति दिन 0.40 सर्विंग के अनुमानित औसत के साथ उपभोग कम था
  - प्रोसेस मीट – उपभोग 0.27 सर्विंग प्रति दिन था जिसमें महिलाओं की तुलना में पुरुषों में इसका सेवन अधिक था.
  - डाइटरी फ़ाइबर का उपभोग 15.6 g/d था.

जब तक कि अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, इस फ़ैक्ट शीट में दिए गए आंकड़े संयुक्त राज्य से संबंधित हैं. कृपया रिपोर्ट किए गए आंकड़ों के संदर्भ और अतिरिक्त जानकारी के लिए संपूर्ण आंकड़ों का अपडेट देखें.

©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.

फ़ैक्ट शीट, इन्फोग्राफिक्स और वर्तमान/पूर्व आंकड़ों के अपडेट के प्रकाशन यहां से डाउनलोड किए जा सकते हैं: Heart and Stroke Association Statistics | American Heart Association (वेबसाइट अंग्रेज़ी में).

इस फ़ैक्ट शीट के कई आंकड़े, अप्रकाशित सारणी से संबंधित हैं जिन्हें आंकड़ों के अपडेट दस्तावेज़ के लिए संकलित किया गया है और नीचे सूचीबद्ध दस्तावेज़ उद्धरण का इस्तेमाल करके उल्लेखित किया जा सकता है. सारणी बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए डेटा स्रोत पूरे दस्तावेज़ में सूचीबद्ध हैं. इसके अलावा, कुछ आंकड़े प्रकाशित अध्ययनों से मिले हैं. अगर आप इस फ़ैक्ट शीट में किसी आंकड़े का उल्लेख कर रहे हैं, तो कृपया डेटा स्रोतों और वास्तविक उद्धरणों को निर्धारित करने के लिए पूरे हृदय रोग और स्ट्रोक से जुड़े आंकड़ों का दस्तावेज़ देखें.

American Heart Association अनुरोध करता है कि संपूर्ण दस्तावेज का उल्लेख इस प्रकार किया जाए:

Palaniappan LP, Allen NB, Almarzooq ZI, Anderson CAM, Arora P, Avery CL, Baker-Smith CM, Bansal N, Currie ME, Earlie RS, Fan W, Fetterman JL, Barone Gibbs B, Heard DG, Hiremath S, Hong H, Hyacinth HI, Ibeh C, Jiang T, Johansen MC, Kazi DS, Ko D, Kwan TW, Leppert MH, Li Y, Magnani JW, Martin KA, Martin SS, Michos ED, Mussolino ME, Ogungbe O, Parikh NI, Perez MV, Perman SM, Sarraju A, Shah NS, Springer MV, St-Onge M-P, Thacker EL, Tierney S, Urbut SM, Van Spall HGC, Voeks JH, Whelton SP, Wong SS, Zhao J, Khan SS; American Heart Association काउंसिल की एपिडेमियोलॉजी और प्रिवेंशन आंकड़ों की कमेटी व स्ट्रोक्स आंकड़ों की कमेटी की ओर से. 2026 हृदय रोग और स्ट्रोक के आंकड़े: American Heart Association की ओर से अमेरिकी और वैश्विक डेटा की एक रिपोर्ट. *सर्कुलेशन.* 21 जनवरी 2026 को ऑनलाइन प्रकाशित.

कृपया सभी मीडिया संबंधी पूछताछ के लिए न्यूज़ मीडिया रिलेशंस से http://newsroom.heart.org/newsmedia/contacts (वेबसाइट अंग्रेज़ी में) पर संपर्क करें.


©2026 American Heart Association, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित. अनधिकृत उपयोग निषिद्ध है.